# राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि0

जी–1/138, मालवीय औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर

<u>वर्ष 2016–17 की अवधि के लिये डीटीपी कम्पोजिंग, लेमीनेशन, स्क्रीन प्रिन्टिंग कार्य के ऐमपेनलमैन्ट हेतु बिड</u>

मुद्रणालय को वर्ष 2016–17 की अवधि (अनुबंध तिथि से 31.03.2017 तक) के लिए मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर डीटीपी कम्पोजिंग, लेमीनेशन, स्क्रीन प्रिन्टिंग का कार्य करने के ऐमपेनलमैन्ट हेतु प्रतिष्ठित रजिस्टर्ड फर्मो एवं वास्तविक कार्य करने वाली फर्मो का ऐमपेनलमैन्ट करने हेतु सीलबंद टू बिड प़द्धति से बिड्स दिनांक 06.04.2016 को दोपहर 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। **यदि बिडर मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर कार्य करने हेतु सहमत है तो वित्तीय बिड में मुद्रणालय की स्वीकृत दरों को संबंधित दर के कॉलम में यथा रूप भरा जाना है।** टू बिड पद्धति से बिड्स (तकनीकी एवं वित्तीय) मय मूल प्रपत्र, बिड्स शर्ते एवं स्वीकृत दरें (परिशिष्ट''अ'' से ''द'') भौतिक रूप से उक्त तिथि व समय पर प्रस्तुत किया जाना है। निविदादाता फर्म का जयपुर में कार्यालय/गोदाम/कार्यशाला होना अनिवार्य है।

**तकनीकी बिड** एवं **वित्तीय बिड** मोहरबन्द लिफाफे में अलग–अलग भेजी जानी चाहिये जिसमें तकनीकी बिड के लिफाफे में तकनीकी सूचना एवं अन्य सूचना का विवरण तथा वित्तीय बिड के लिफाफे में बिड में स्वीकृत दरों पर कार्य करने का प्रस्ताव विवरण अंकित होंगे। स्वीकृत दरें परिशिष्ट ''द'' पर अंकित है। प्रथम लिफाफे पर ''वर्ष 2016–17 की अवधि के लिए डीटीपी कम्पोजिंग, लेमीनेशन, स्क्रीन प्रिन्टिंग का कार्य के ऐमपेनलमैन्ट हेतु'' ''तकनीकी बिड'' तथा द्वितीय लिफाफे पर ''वर्ष 2016–17 की अवधि में डीटीपी कम्पोजिंग, लेमीनेशन, स्क्रीन प्रिन्टिंग के कार्य के ऐमपेनलमैन्ट हेतु'' ''वित्तीय बिड'' लिखा होना चाहिऐ। बिड्स निर्धारित बिड प्रपत्र में भरकर ठीक प्रकार से लिफाफे सीलबंद कर उचित रूप से ''डीटीपी कम्पोजिंग, लेमीनेशन, स्क्रीन प्रिन्टिंग के कार्य के ऐमपेनलमैन्ट हेतु बिड'' लिखा जाकर प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि0, जी–1/138, मालवीय औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर को सम्बोधित करते हुये प्रस्तुत किया जाना चाहिऐं। तकनीकी बिड में सफल बोलीदाता का ही द्वितीय बिड का लिफाफा ''वित्तीय बिड'' को खोला जायेगा। बिड प्रपत्र (टू बिड) एवं शर्तें इस मुद्रणालय की वेबसाईट www.thecooperativepress.com व sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है जिसका अवलोकन किया जा सकता है। बिड प्रपत्र एवं शर्ते इस कार्यालय में रू. 500/– नकद/डी.डी. भेजकर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। विलम्ब से प्राप्त बिड्स पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्राप्त बिड्स में तकनीकी बिड के लिफाफों को उसी दिन (अंतिम तिथि को) अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष खोला जावेगा। किसी भी बिड या उसके किसी भाग को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार मुद्रणालय प्रशासन को होगा तथा इस संबंध में मुद्रणालय का निर्णय ही अन्तिम व मान्य होगा। बोलीदाता द्वारा बिड प्रस्तुत करने का तात्पर्य यह होगा कि समस्त शर्तें बोलीदाता को स्वीकार हैं। बिड के साथ दो प्रतिशत अमानत राशि बिड प्रपत्र में अंकितानुसार नकद/बैंक डी.डी. के रूप में जमा करानी होगी। अमानत राशि के अभाव में बिड पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उद्योग विभाग में पंजीकृत लघु उद्योग इकाई को अमानत राशि में लघु उद्योग संबंधी छूट लेने हेतु जिला उद्योग केन्द्र द्वारा जारी लघु उद्योग संबंधी प्रमाण–पत्र की मूल प्रति अथवा राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित प्रति बिड के साथ संलग्न करनी होगी।

इस प्रकार की इकाई को बिड सूचना में बताई गई अनुमानित राशि का आधा प्रतिशत अमानत राशि मुद्रणालय में नकद/बैंक डी.डी. द्वारा जमा करानी होगी इसके अभाव में लघु उद्योग संबंधी छूट प्रदान नहीं की जावेगी। सफल बोलीदाता को सामान के मूल्य के पांच प्रतिशत के बराबर नियमानुसार प्रतिभूति राशि जमा करानी होगी तथा रजिस्टर्ड लघु उद्योग इकाई को सामान के मूल्य के एक प्रतिशत के बराबर नियमानुसार प्रतिभूति राशि जमा कराना होगा तथा लिखित करार (अनुबन्ध) करना होगा।

अनुबंध की वैधता अनुबंध होने की तिथि से 31.03.2017 तक तक मान्य रहेगी। उक्त अवधि को आपसी सहमति से आगे बढाया जा सकता है। इस संबंध में मुद्रणालय का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा। बढाई गई अवधि के लिये अलग से करार नहीं किया जायेगा। किन्तु मुद्रणालय प्रशासन को अनुबंध अवधि समाप्त होने से पूर्व अनुबंध को खत्म करने का अधिकार होगा। इसमें किसी भी तरह का विवाद स्वीकार्य नहीं होगा। निविदा एवं संविदा की शर्ते परिशिष्ट ''स'' संलग्न है।

संलग्न : निविदा प्रपत्र एवं शर्ते

**प्रबन्ध निदेशक**

प्रपत्र ''अ''

# राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि0,
# जी–1/138, मालवीय औद्योगिक क्षैत्र, जयपुर

**वर्ष 2016–17 की अवधि के लिये मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर डीटीपी कम्पोजिंग, लेमीनेशन, स्क्रीन प्रिन्टिंग कार्य के ऐमपेनलमैन्ट हेतु बिड प्रपत्र प्रथम ''तकनीकी बिड''**

1. बिड प्रपत्र मूल्य 500.00 रूपये
2. बिड प्राप्ति की दिनांक 06.04.2016 को दोपहर 2.00 बजे तक
3. तकनीकी बिड खोलने की दिनांक 06.04.2016 को अपरान्ह 3.00 बजे

---

1. बोलीदाता का नाम व पूर्ण पता..........................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

बोलीदाता फर्म का स्थानीय स्तर पर कार्यालय/गोदाम/कार्यशाला का पूर्ण पत्ता ................................................

..........................................................................................................................................................

फोन नं. ..............................................ई–मेल ..............................................मोबाइल नं. ..........................................

1. बिड प्राप्तकर्त्ता प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि0, जयपुर

| | | |
|---|---|---|
| 1 | बोली प्रतिभूति – अनुमानित राशि 15.00 लाख रूपये का 2 प्रतिशत (तीस हजार रूपयें) | डी.डी. संख्या/नकद दि. राशि |
| 2 | अमानत राशि में लद्यु उद्योग संबंधित छूट लेने हेतु जिला उद्योग केन्द्र द्वारा जारी लद्यु उद्योग संबंधी प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित प्रति बिड के साथ प्रस्तुत है। बिड सूचना में बताई गई अनुमानित राशि का आधा प्रतिशत अमानत राशि मुद्रणालय में जमा करा दी गयी है (ड्राफ्ट संलग्न है)। | डी.डी. संख्या/नकद दि. राशि |
| 3 | वैट रजिस्टेशन प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न है। | टिन नं. |
| 4 | बोलीदाता के कार्यालय, गोदाम एवं कार्यशाला का पूर्ण पता | |
| 5 | बोलीदाता के पंजीकरण के प्रमाण पत्र की पैन नम्बर संलग्न है। | पैन नं. |
| 6 | वैट की निर्धारित दर | |
| 7 | बोलीदाता के मालिक/साझेदार का नाम व पूर्ण विवरण | |
| 8 | अधिकृत विक्रेता होने अथवा अनुमोदित वितरक होने अथवा वास्तविक विक्रेता होने का प्रमाण पत्र संलग्न है। | |

**बोलीदाता के हस्ताक्षर व मोहर**

प्रपत्र ''ब''

# राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि0

जी–1/138, मालवीय औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर–302017
फोन नं. 0141–2751417, 2751352

**वर्ष 2016–17 की अवधि के लिये मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर डीटीपी कम्पोजिंग, लेमीनेशन, स्क्रीन प्रिन्टिंग कार्य के ऐमपेनलमैन्ट हेतु बिड प्रपत्र द्वितीय ''वित्तीय बिड''**

1. बोलीदाता का नाम व पूर्ण पता.........................................................................................
..........................................................................................................................................
..........................................................................................................................................

2. मुद्रणालय में विभिन्न प्रकार के मुद्रण कार्य करने हेतु हमारे द्वारा बिड में प्रस्तुत दरें निम्नानुसार है :–

डीटीपी कम्पोजिंग, लेमीनेशन, स्क्रीन प्रिन्टिग कार्य के ऐमपेनलमैन्ट हेतु सहमति प्रस्ताव हेतु

अनुमानित राशि 15.00 लाख रूपये (पन्द्रह लाख रूपये)

| क्रमांक | विवरण | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर सहमति |
|---|---|---|
| (अ) डीटीपी कम्पोजिंग हेतु दरें | अनुमानित राशि 10.00 लाख रूपयें | अमानत राशि 20 हजार रूपयें |
| 1 | डीटीपी कम्पोजिंग (प्रति वर्ग इंच) | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |
| 2 | डीटीपी फोरमेटिंग (प्रति वर्ग इंच) | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |
| 3 | ट्रेसिंग प्रिन्ट आउट (प्रति पृष्ठ) | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |
| 4 | डिजायनिंग (9×11) (फोरकलर) तथा (7.5×10) (फोरकलर) | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |
| (ब) स्क्रीन प्रिन्टिंग(प्रति दाब प्रति रंग) हेतु दरें | अनुमानित राशि 2.00 लाख रूपये | अमानत राशि 4000 रूपये |
| 1 | (अ) विजिटिंग कार्ड/लेटर हैड/लिफाफा<br>(ब) सर्टिफिकेट/निमंत्रण कार्ड | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |
| 2. | लीफ प्रिन्टिंग | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |
| 3. | डाई एम्बोसिंग | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |
| (स) लेमीनेशन(प्रति वर्ग इंच) हेतु दरें | अनुमानित राशि 2.00 लाख रूपये | अमानत राशि 4000 रूपये |
| 1 | सादा | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |
| 2 | मेट फिनिश | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |
| 3 | यूवी कोटिंग | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |

| क्रमांक | विवरण | सहमति प्रस्तावित दर |
|---|---|---|
| (द) गमिंग(स्टीकर मेकिंग)(प्रति वर्ग इंच) हेतु दरें  अनुमानित राशि 1.00 लाख रूपये  अमानत राशि 2000 रूपये | | |
| 1. | गमिंग सहित | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |
| 2. | स्टीकर गमिंग | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |
| 3. | डाई कटिंग | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |
| 4. | स्ट्रिप गमिंग / टेपिंग | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |
| 5. | डाई मेकिंग | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |
| 6. | क्रीजिंग | मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर |

2. बिड्स प्रपत्र के साथ बिड्स एवं संविदा की जो शर्ते संलग्न है, हमें स्वीकार है।
3. मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर डीटीपी / कम्पोजिंग / लेमीनेशन / स्क्रीन प्रिन्टिंग / गमिंग का कार्य करने के ऐमपेनलमैन्ट हेतु सहमति प्रदान करता हूँ।

**बोलीदाता के हस्ताक्षर मय मोहर**

# <u>बोलीदाता द्वारा घोषणा पत्र</u>

मेरे/हमारे द्वारा प्रदत्त बिड संख्या ...................... दिनांक ................... के अन्तर्गत राजस्थान लोक उपापन मे पाददर्शिता अधिनियम 2012 की धारा 7 के अन्तर्गत एतद् घोषणा करता हूँ कि :—

(1) यह कि मुद्रणालय द्वारा उक्त बिड्स से सम्बन्धित समस्त प्रकार की व्यवसायिक तकनीकी, आर्थिक एवं प्रबन्धकीय संसाधन आदि मेरे/हमारे पास उपलब्ध है।

(2) यह कि मै/हम केन्द्र और राज्य सरकार अथवा स्थानीय निकाय द्वारा किसी भी प्रकार के देय करो के लिये बाध्यकारी रहूँगा/रहेगें।

(3) यह कि हम/मैं किसी न्यायालय अथवा न्यायिक अधिकारी, आदाता द्वारा दिवालिया आदि घोषित नहीं हूँ/है और न ही उक्त कारणों से किसी प्रकार की कोई कार्यवाही विचाराधीन है।

(4) यह कि विगत 3 वर्षो में मैं/हम और हमारे निदेशक व अधिकारियों में से कोई व्यावसायिक गतिविधि के कारण किसी आपराधिक गतिविधि में सजायाफ्ता नहीं है और ना ही किसी प्रकार के गलत तथ्यों व झूठी घोषणाओं के कारण नियोग्य किये गये है।

(5) यह कि मेरे/हमारे द्वारा बिड प्रपत्र ध्यानपूर्वक पढ़ लिया गया है और मैं/हम इसकी शर्तो/नियमों से पूर्णतया सहमत हूँ/है।

(6) यह कि मैं/हम उक्त अधिनियम, नियम व बिड्स शर्तो से विपरीत कोई धारणा नहीं रखते है।

दिनांक : .....................

स्थान : .....................

**हस्ताक्षर बोलीदाता**

नाम.........................................................

पद..........................................................

पता.........................................................

..................................................................

परिशिष्ट 'स'

# राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि0, जयपुर

## डीटीपी कम्पोजिंग, लेमीनेशन, स्क्रीन प्रिन्टिंग के ऐमपेनलमैन्ट हेतु बिड एवं संविदा की शर्ते

सूचना : बोलीदाता को अपनी दरें भरते समय इन शर्तों को बहुत ध्यानपूर्वक पढना चाहिए।

1. मुद्रणालय को वर्ष 2016–17 की अवधि (अनुबंध तिथि से 31.03.2017 तक) के लिये राजकीय मुद्रणालय के प्रशा. विभाग द्वारा मुद्रणालय की स्वीकृत दरो पर डीटीपी कम्पोजिंग, लेमीनेशन, स्क्रीन प्रिन्टिंग के कार्य के ऐमपेनलमैन्ट हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से टू बिड पद्धति से बिड्स (तकनीकी एवं वित्तीय) दो बन्द लिफाफों में हस्ताक्षर युक्त दिनांक 06.04.2016 को दोपहर 2 बजे तक प्रस्तुत की जायेगी (1) तकनीकी बिड प्रपत्र ''अ'' में तकनीकी विवरण एवं (2) वित्तीय बिड प्रपत्र ''ब'' में स्वीकृत दरों पर कार्य करने का सहमति प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा। **यदि बिडर मुद्रणालय की स्वीकृत दरों पर कार्य करने हेतु सहमत है तो वित्तीय बिड में सहमति स्वरूप हस्ताक्षर किये जाने है।** स्वीकृत दरें परिशिष्ट ''द'' पर अंकित है। मुद्रणालय की स्वीकृत दर से अधिक दर का प्रस्ताव स्वीकार नहीं होगा। बोलीदाता फर्म का जयपुर में कार्यालय/गोदाम/कार्यशाला होना अनिवार्य है।
2. सर्वप्रथम तकनीकी बिड को उसी दिन दोपहर 3 बजे खोला जावेगा। तकनीकी बिड में योग्य पाये जाने पर ही वित्तीय बिड को खोला जायेगा। इसमें किसी भी प्रकार का वाद विवाद मान्य नहीं होगा।
3. विलम्ब से प्राप्त बिड्स पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
4. बिड केवल उन्हीं फर्मों/व्यापारियों द्वारा दी जानी चाहिये, जो वास्तविक कार्य कर रह हो, निर्माता हो अथवा संबंधित सामग्री के लिए रजिस्टर्ड/अनुमोदित वितरक हो या वास्तव में उस सामान के विक्रेता हो, जिसके लिए बिड दी है।
5. आपूर्ति किये जाने वाला माल निर्धारित विवरणों स्पेशिफिकेशन के अनुसार एवं अनुमोदित स्टेण्डर्ड सैम्पल से मिलता हुआ सर्वोत्तम किस्म का होगा, अन्यथा स्वीकार नही किया जायेगा।
6. फर्म आवंटित आदेश को किसी अन्य ऐजेन्सी के लिए नहीं देगा और न ही उससे सप्लाई करवायेगा।
7. संस्था को माल के निरीक्षण करने तथा गुणवत्ता/मेक आदि के बारे में जांच करने की शक्ति रहेगी।
8. बोलीदाता अपने कार्यालय, गोदाम व कार्यशाला प्रांगण का पूर्ण पता यहां देना होगा। जहां जाकर निरीक्षण किया जा सकेगा तथा साथ ही उस व्यक्ति का पूरा नाम तथा पता भी देना चाहिये, जिससे इस प्रयोजन हेतु सम्पर्क स्थापित किया जा सके।
9. यदि अनुमोदित गुणवत्ता, मेक या आकार से भिन्न माल सप्लाई किया जाता है तो उसको अस्वीकार कर दिया जावेगा तथा उसको बिना अतिरिक्त मूल्य के एक निश्चित अवधि के भीतर वितरक द्वारा बदलना होगा।
10. सभी कथित दरें एफ. ओ. आर. मुद्रणालय परिसर मालवीय नगर, जयपुर होगी, जिसका कोई कार्टेज देय नहीं होगा।
11. बिड देने वाली फर्म जिसकी निविदा स्वीकृत की जाती है, आदेश में अंकित समय की अवधि में माल वितरण करने के लिए बाध्य होगी।
12. आपूर्ति का आदेश किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है।

13. बिड में कोई भी अभिवृद्धि (एडीशन) एवं परिवर्तन नहीं किये जाने चाहिए। कोई भी ओवरराईटिंग नहीं की जानी चाहिए।
14. बोलीदाता को बिड प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ व अन्त में बिड एवं अनुबन्ध की समस्त शर्तो को मानने के प्रमाण में हस्ताक्षर करने होगे जो कि अनुबंध का भाग होगा।
15. तकनीकी एवं वित्तीय बिड प्रस्तुत करते समय नियमानुसार दो प्रतिशत घरोहर राशि कि रूप में डीडी द्वारा जमा करानी होगी। इसके बिना बिड पर विचार नहीं किया जायेगा। अमानत राशि राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि0, जयपुर के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट द्वारा जमा करानी होगी। यह अमानत राशि जिस फर्म की बिड स्वीकार नहीं होगी, उन्हें बिड की अंतिम स्वीकृति होने से एक माह में लौटा दी जावेगी एवं जिन निविदाताओं की बिड स्वीकार की जावेगी उनके मामले में इस राशि को जमानत (सिक्यूरिटी) के रूप में समायोजन किया जावेगा।
16. पूर्व में मुद्रणालय में जमा अमानत/सिक्यूरिटी राशि का बिड के साथ नियमानुसार जमा कराई जाने वाली राशि में समायोजन नहीं होगा।
17. उद्योग विभाग में पंजीकृत लघु उद्योग इकाई को अमानत राशि में लघु उद्योग संबंधी छूट लेने हेतु निदेशक, उद्योग विभाग द्वारा जारी किये गये लघु उद्योग ईकाईयों के पंजीयन पत्र की मूल प्रति स्वप्रमाणित फोटो प्रति बिड के साथ करना होगा। इस प्रकार की इकाई को बिड सूचना में बताई गई अनुमानित राशि का आधा प्रतिशत अमानत राशि मुद्रणालय में डीडी द्वारा जमा करानी होगी। इसके अभाव में लघु उद्योग संबंधी छूट प्रदान नहीं की जावेगी एवं बिड पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
18. सफल बोलीदाता को निर्धारित प्रपत्र में पन्द्रह दिवस में एक अनुबन्ध करना होगा तथा संविदा की शर्तो को भली प्रकार से निभाने के लिए नियमानुसार पांच प्रतिशत सिक्यूरिटी के रूप में सिक्यूरिटी राशि जमा करानी होगी तथा रजिस्टर्ड लघु उद्योग इकाई को नियमानुसार एक प्रतिशत सिक्यूरिटी के रूप में सिक्यूरिटी राशि जमा करानी होगी। सहमत हुए संविदा का कार्य पूर्ण होने की तारीख से दो माह के बाद विवाद न होने की स्थिति में सिक्यूरिटी राशि लौटा दी जावेगी। ऐसी सिक्यूरिटी राशि पर मुद्रणालय द्वारा कोई ब्याज नहीं दिया जावेगा। अनुबन्ध को पूरा करने एवं उस पर स्टाम्प आदि का जो व्यय होगा वह बोलीदाता को वहन करना पडेगा। क्रयकर्ता अधिकारी को निःशुल्क अनुबन्ध की एक स्टाम्प लगी हुई मूल प्रति दी जावेगी। अनुबन्ध के अभाव में निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
19. फर्म को भुगतान करने में (राशि के प्रेषण) जो भी अतिरिक्त व्यय होगा वह अनुमोदित फर्म द्वारा वहन किया जावेगा।
20. यदि अनुमोदित फर्म निर्धारित विशिष्ट विवरण के अनुसार माल सप्लाई करने में असफल हो जाता है या निर्दिष्ट अवधि के भीतर सामग्री भेजने में असफल रह जाता है तो मुद्रणालय अन्य प्रकार से व्यवस्था करने को स्वतंत्र होगा तथा जिसमें होने वाली क्षतिपूर्ति बोलीदाता फर्म से की जावेगी।

    मुद्रणालय अनुमोदित फर्म द्वारा मुद्रित सामग्री सप्लाई नहीं किये गये या छोडे गये या वितरित रूप से शिकायत के माल को सप्लाई करने के लिए लिखित में सात दिवस को नोटिस दे सकता है एवं बाद उस नोटिस की तामील होने की तारीख से सात दिवस के भीतर अनुमोदित मुद्रक पालना करने में असफल रहता है, तो ऐसे मामलों में यदि मुद्रणालय उचित समझता है तो उसके लिए उस सुरक्षित धन राशि को रोकना न्यायोचित होगा एवं वह जो भी सामान जो अनुमोदित फर्म के प्रति बकाया होगा उसे खरीदने के लिए अन्य व्यवस्था कर सकेगा तथा जो भी किसी अन्य अधिकरण के जरिये माल के वितरण करने की व्यवस्था करने में मुद्रणालय को अधिक व्यय वहन करना पडेगा, तो वह उसकी सिक्यूरिटी राशि में से पूरा किया जावेगा।

21. (1) सामग्री/माल निश्चित किये गये स्थान पर अच्छी दशा में तथा पूर्ण मात्रा में सम्भलवाया जायेगा। यदि अनुमोदित फर्म चाहती हो तो माल की चोरी होने, आग, बाढ एवं समय के खराब होने से या अन्य प्रकार से बचने के लिए माल का बीमा करा सकता है जिसका व्यय स्वयं फर्म को वहन करना पडेगा।

(2) अविवादित स्थिति में सामग्री का भुगतान बिल प्राप्ति के एक माह में किया जावेगा। विवादास्पद सामग्री के मामले में निपटारा होने पर बिल का भुगतान किया जावेगा।

(3) यदि परस्पर समझौता हो जाये तो निविदा की मान्यता अवधि में विस्तार किया जा सकता है।

(4) बोलीकर्ता या उसके प्रतिनिधियों की ओर से प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से बिड स्वीकृत करने के लिए प्रयास करने पर अयोग्यता माना जावेगा।

22. मुद्रणालय किसी भी बिड को स्वीकृत करने/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है। यह आवश्यक नहीं है कि वह न्यूनतम बिड को ही स्वीकार करें। वह किसी भी बिड/बिड के किसी भाग को उसके कारण बतलाये बिना रद्द कर सकता है।

23. बिड प्रस्तुत करने वाली फर्म के लिए बिक्री कर (वेट) रजिस्ट्रेशन प्रमाण–पत्र की प्रति निविदा के साथ आनलाईन करना होगा।

24. बोलीदाता द्वारा संस्था को विलम्ब से आपूर्ति करने पर नियमानुसार शास्ती लगाने का पूर्ण अधिकार संस्था प्रशासन को होगा जिसकी कटौती बोलीदाता फर्म के पूर्व बिलों में से अथवा सिक्यूरिटी राशि में से काटकर समायोजित कर ली जावेगी।

25. बोलीदाताओं से उत्पन्न होने वाली सभी विवादों एवं अनुबंध के निर्वाचन से सम्बन्धित सभी विवादों के निपटारे के लिये राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 के तहत उपापन से सम्बन्धित विवादास्पद प्रकरण के सम्बन्ध में अपील की सुनवाई का अधिकार प्रथम अपील प्राधिकारी मुद्रणालय के प्रशासक/संचालक मंडल एवं द्वितीय अपील प्राधिकारी रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, राजस्थान, जयपुर में निहित है।

26. बिड्स अनुबन्ध की वैधता अनुबन्ध होने की तिथि से 31.03.2017 तक लिये मान्य होगी। आवश्यकता पड़ने पर नियमों के तहत आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा, एवं मुद्रणालय प्रशासन को अनुबंध अवधि से पूर्व अनुबंध समाप्त करने का अधिकार होगा। इसमें किसी भी प्रकार का विवाद स्वीकार्य नहीं होगा।

27. बिड्स स्वीकृत करने/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक, सहकारी मुद्रणालय को होगा।

28. आयकर/बिक्रीकर चुकती प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

29. दरों में शब्दों एवं अंको में अंतर होने पर शब्दो वाली दर सही मानी जावेगी।

30. बोलीदाता/फर्म को पहचान हेतु फोटो युक्त आई डी प्रूफ प्रस्तुत करना है।

31. मुद्रणालय के राजस्थान लोक उपापन में पारिदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 में दशार्य गये नियमों के उल्लघंन पर नियमानुसार कार्यवाही का अधिकार होगा।

32. सशर्त बिड स्वीकार नहीं की जायेगी।

**प्रबन्ध निदेशक**

हमने उक्त बिड्स शर्ते पूर्ण रूप से पढ ली है तथा हम उक्त सभी शर्तों को मानने के लिए बाध्यकारी होंगे।

**हस्ताक्षर बोलीदाता मय मोहर**